an>

Title: Need to check atrocities against poor dalits in Punjab.

श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, धन्यवाद। मैं आपके द्वारा इस सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि पंजाब में आतंकवाद के दौर में पुलिस द्वारा और एजेंसियों द्वारा ऐसे मध्ययुगीन तरीकों से, बहुत ही अमानवीय, असंवैधानिक और गैरकानूनी तरीकों से हजारों लोगों का मर्डर किया गया है, मैं उस तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं।

उसने एक टी.वी. साक्षात्कार में पांच कैसेट्स रिलीज़ की हैं, वे सभी लोगों के सुनने के लायक हैं कि किस तरह पंजाब में संवैधानिक अधिकारों का, लोकतांत्रिक अधिकारों का और मानवीय अधिकारों का हनन हुआ है और हजारों लोगों को कत्ल किया गया है। बिना कानूनी कार्रवाई के, बिना ट्रायल के सीधे, डायरैक्ट लोगों का मर्डर किया गया है, उसकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं।

मैं छोटे वक्तव्य के द्वारा आपसे मांग करता हूं, मेरा आपसे अनुरोध है कि मानवीय और लोकतांत्रिक अधिकारों का ऐसा हनन दोबारा न हो, चाहे आतंकवाद के नाम पर, चाहे किसी और बात के नाम पर, इसलिए इसकी जांच के लिए एक ट्रुथ कमीशन बिठाया जाये, ज्यूडीशियल कमीशन नहीं, ट्रुथ कमीशन, जो इस सारी हकीकत को सामने लाये और जो दोषी पुलिस ऑफिसर हैं, जो दोषी एजेंसियां हैं और दोषी सरकार है, वह सरकार चाहे अकाली दल की रही हो, सरकार चाहे कांग्रेस की रही हो, चाहे वह गवर्नर का रूल रहा हो, इतने अलोकतांत्रिक, इतने अमानवीय और इतने दर्दनाक ढंग से हजारों लोगों का, सिखों का और हिन्दुओं का कत्ल किया गया है, चाहे वे अपराधी थे या अपराधी नहीं थे। इसका खुलासा सारे देश के सामने होना चाहिए, ताकि लोगों के मानवीय अधिकारों पर, लोकतांत्रिक अधिकारों पर और संवैधानिक अधिकारों पर दोबारा फिर ऐसा हमला कभी न हो। हर देश के लिए यह एक लेसन होना चाहिए। मैं एक ट्रुथ कमीशन की आपसे मांग करता हूं। कृपया आप मेरी बात सरकार तक पहुंचाइये। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री धर्म वीर गांधी के साथ सम्बद्ध होने की अनुमति दी जाती है।